सार-समाचार

'काली दीपावली मानने का लिया निर्णय '

झुंझुनूं, (निसं)। युवा मित्र संघर्ष समिति झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष विकास गुर्जर ने बताया कि सरकार द्वारा एक काले आदेश से प्रदेश के 5000 युवाओं के घरों में अंधेरा करने का काम किया। वो भी उस समय जब आने वाले नव वर्ष को पूरी दुनिया खुशियों के साथ माना रही थी। उस काले आदेश ने उन खुशियों के पलों में रुलाने का काम किया और रोजगार छीनकर उन्हें बेरोजगार कर दिया। जिसके लिए सरकार से विनम्रतापूर्वक लगातार शहीद स्मारक पर बैठकर 72 दिनों तक भूखे प्यासे बैठ कर संघर्ष किया। लेकिन सरकार ने एक नहीं सुनीं। उसके साथ-साथ मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के आवास पर भी 11 दिन धरना दिया और 9 दिन अनशन किया और मानसिक दवाब में आकर मजबूरन पानी की टंकी पर भी चढ़ गए थे। जिस पर सरकार ने साकारात्मक आश्वासन देने का निर्णय लिया था और आचार संहिता के बाद पुनः बहाल करने का आश्वाशन भी दिया गया था। उसके बाद भी सरकार ने हम बेरोजगारों की एक नहीं सुनीं। जिसको लेकर अभी उम्मीद थी कि सरकार दीपावली से पूर्व सभी के घरों में दीपक जलाने का काम करेगी और सभी को रोजगार लौटने का काम करेगी। परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। जबकि हमारे 2 युवा मित्र साथी भाइयों की नौकरी जाने के कारण मानसिक दवाब में मृत्यु भी हो चुकी है। उसके बावजूद सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई निर्णय युवा मित्रों के हक में नहीं लिया गया है। बताना चाहते है कि प्रदेश के अनेको युवा मित्र नौकरी जाने के कारण काफी मानसिक दवाब में है और दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। सभी प्रदेश के युवा मित्रों ने निर्णय लिया है कि दीपावली के इस पर्व को काली दीपावली के रूप में मनाया जाएगा। जब तक सरकार हमें हमारा रोजगार वापस नहीं लौटा देती है। आने वाले समय में भी इस पर्व को काली दीपावली के रूप में ही मनाया जाता रहेगा।

आयुर्वेदाचार्यों को किया सम्मानित

चूरू, (कासं.)। नया बास स्थित शिवम् आयुर्वेदिक स्टोर में आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुर्वेद उपनिदेशक वैद्य सतवीर सहारण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करवायी। संचालक नवीन शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष धनतेरस पर्व पर भगवान धन्वंतरि का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। इस दौरान आयुर्वेद प्रेमियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आयुर्वेदाचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वैद्य रामावतार शर्मा, वैद्य पवन जांगिड़, पूर्व आयुर्वेद उपनिदेशक वैद्य रामकृष्ण शर्मा, विष्णुकांत कलावटिया, वैद्य ओमप्रकाश चोयल, वैद्य मनीष दाधीच, वैद्य पूजा रोहिला, वैद्य सुमन धानिया, वैद्य गोविंद प्रसाद शर्मा, वैद्य अरविंद दड़िया, वैद्य हरिशरण शांडिल्य, गौड़ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल, एडवोकेट नरेंद्र शर्मा, जसवंत मेड़तिया, मौरीस कुमार चौधरी, पूनम, दिवाकर सहल, मनोज जांगिड़, संजय, योगेन्द्र शर्मा, आशीष, बाबुलाल, हीरालाल शर्मा, राजेन्द्र शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

'स्वस्थ रहने के लिये आयुर्वेद लाभदायक '

चूरू, (कासं.)। विश्वकर्मा मंदिर के पास स्थित भगवती एजेंसीज में भगवान धन्वंतरि जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैद्य गोविंद प्रसाद थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रेंवतीरमण शर्मा ने की। संस्थापक वैद्य रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि पं. श्रीराम सांखोलिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर वैद्य रामावतार, डॉ. पवन कुमार जांगिड़, विष्णु कांत कलावटिया, अरविंद दड़िया, गोपाल, घड़सीराम, श्रीराम शर्मा, सोहनलाल दर्जी, पुरुषोत्तम, मिट्ठू लाल, डाबर एसओ जय सिंह मोहता, महेश सैनी, विकास सैनी, महेश स्वामी, संजय सैनी, नारायण जोशी, सुनील सेन व सत्यनारायण सैनी सहित अनेक आयुर्वेद प्रेमियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की। डॉ. गौरव शर्मा ने आयुर्वेद व आरोग्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और व्यक्ति को स्वस्थ रहने के उपाय बताए। एजेंसी के संचालक कन्हैयालाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अस्पताल में मनाया धन्वंतरि दिवस

चूरू, (कासं.)। राजकीय डेडराज भरतीया सामान्य चिकित्सालय व पंचकर्म केन्द्र में मंगलवार को 9वां भगवान धन्वंतरि दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंचकर्म विभाग के प्रभारी डॉ. पवन जांगिड़ ने बताया कि भगवान धन्वंतरी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर डॉ. पूजा रोहिल्ला, डॉ. संजय तंवर, डॉ. मधु परिहार, डॉ. अरुण वर्मा, डॉ. जितेंद्र सोलंकी, डॉ. नितेश तोषाण, डॉ. नितिन शर्मा, डॉ. नितेश शर्मा, डॉ. निखिल राजपुरोहित, डॉ. अनुराग शर्मा, शंकरलाल शर्मा, चंद्रप्रकाश, प्रवीण मोगा, रामावतार, प्रेमलता, पवन कुमार, ममता आदि ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया

सादुलपुर, (निसं)। निकटवर्ती गांव रडवा में पीने के पानी का संकट खडा होने के कारण ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के खिलाफ नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। तथा मंगलवार दोपहर दो बजे के करीबन मांग के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने और पिलानी सादुलपुर सडक को जाम करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है तथा गत अप्रैल माह में 1० दिनों तक धरना प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद

- स्वीकृत लोहे की पेयजल लाइन को डालने की मांग
- ग्रामीणों ने मांग के समर्थन में सडक जाम प्रदर्शन की दी चेतावनी

प्रशासन और जलदाय विभाग के अधिकारी सक्रिय होकर गांव में पानी पहुंचा दिया था, लेकिन पर्याप्त मात्रा में नहीं। गांव के उप सरपंच कुरडाराम, शीशराम पूनियां, रामजीलाल सांगवान, प्रदीप पूनियां, राकेश, राजेश प्रजापत, जयवीर सांगवान, रोताश जोईया, संजय प्रजापत, प्रमोद, मंदीप सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मांग के समर्थन में जलदाय विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अवैध कनेक्शन करने तथा कर्मचारियों के मिली भगत से पानी बिक्री करने के कारण गांव के लोगों को पानी संकट का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों को महंगे दामों पर पानी खरीद कर प्यास बुझानी पडती है। लेकिन सुनवाई कोई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या का स्थाई निराकरण नहीं हुआ तो काली दीपावली मनाकर आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे। गांव के ही प्रदीप ने बताया गांव में पानी हरपालु ताल रडवा आता है। वह पुरानी लाइन से आता है जिसमें अवैध कनेक्शन होने से पानी गांव में नहीं पहुंचता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव रडवा के लिए लोहे की नई पाइपलाइन गांव में बनी टंकी के लिए मंजूर है। लेकिन पेयजल लाइन नहीं डाली जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि कार्रवाई नहीं हुई। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने एसडीएम को हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत भी की है तथा मांग का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

पेयजल संकट के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन देते रडवा गांव के ग्रामीणजन।

फर्जी पुलिस अधिकारी पुलिस के हत्थे चढ़ी

तारानगर, (निसं)। तारानगर तहसील में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर लाखो रूपये ऐंठने वाली अन्जु शर्मा आखिरकार असली पुलिस के हत्थे चढ ही गई। मामला तारानगर का है जहां पर निकटवर्ती ग्रामदेवगढ की महिला अन्जु शर्मा पिछले काफी समय से दिल्ली पुलिस की महिला उप निरीक्षक बताकर वीआईपी सुविधा लेने की आदी व बेरोजगार युवक व युवतीयों को सरकारी नौकरी में भर्ती कराने के एवज में लाखो रूपये एंठने वाली महिला की साहवा पुलिस ने गोपनीय रूप से जांच करवाई तो असलियत सामने आ गई।

जिला पुलिस अधीक्षक जययादव द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधियों एवं संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड अभियान के तहत राजगढ डीएसपी किशोरीलाल, तारानगर डीएसपी रोहित सांखाला व साहवा थानाधिकारी अल्का विश्नोई के नेतत्व में उक्त अभियान चलाया गया था । बताया जाता है कि उक्त नकली व फर्जी दिल्ली की थानाधिकारी आलीशान जीवनयापन करती थी और फर्जी थानेदार बनकर चूरू, हनुमानगढ, फतेहाबाद, सिरसा, पानीपत के कइ युव व युवतियों को सरकारी नौकरी में भर्ती का झांसा देकर करोडो रूपये ठग चुकी है। जब इस फर्जी पुलिस अधिकारी की साहवा थानेदार अल्का विश्नोई ने गोपनीय जांच करवाई तो तो शक हुआ और दस्तायाब किया गया, पूछताछ में नकली पुलिस अधिकारी अन्जु शर्मा ने बताया कि वह पिछले तीन साल से दिल्ली में रहकर निश्तेदारों, परिवारजनों, पडौसीयों को दिल्ली पुलिस में व अन्य जगहो पर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम करोडो रूपये की ठगी कर चुकी है। इस सम्बन्ध मेंबनडा के महावीर सिंह नाई ने साहवा पुलिस में मामला दर्ज करवाया कि अन्जु शर्मा निवासी देवगढ ने स्वंय को दिल्ली पुलिस में उप निरीक्षक पद पर पदस्थापित होने व परिवादी को दिल्ली पुलिस में हैड कानिस्टेबल के पद पर नौकरी देने के नाम 12 लाख 93 हजार रूपये ठग लिये।

धनतेरस पर जमकर वाहनों की बिक्री हुई

झुंझुनूं, (निसं)। रोड नंबर तीन स्थित हीरो अजय मोटर्स पर धनतेरस पर जमकर वाहनों की बिक्री हुई। धनतेरस पर्व पर सुबह से ही शोरूम में ग्राहकों का आना शुरू हो गया। जो देर रात तक चलता रहा। इस बीच लोगों ने शुभ मुहूर्त के साथ जमकर दो पहिए वाहनों की खरीददारी की। दुनिया की नम्बर वन दुपहिया कंपनी हीरो ने दीपावली पर्व पर ग्राहकों के लिए ऑफर्स के साथ-साथ बहुत से मोटरसाइकिल व स्कूटर्स के मॉडल भी झुंझुनूं के अजय मोटर्स पर उपलब्ध कराए हैं। अजय मोटर्स के डायरेक्टर महेश चाहर ने बताया कि दीवाली पर एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल पर 4500 रूपए की नगद छूट दी जा रही हैं तथा दुनिया की जाने-माने कम्पनी हार्ले डेविडसन की बाइक भी उपलब्ध है।

Jagdish prasad Mali
B.Com.LL.B
Advocate
Ref No.:-24-25/03
Date :-29.10.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

मेरे मुव्किल बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा दुलरासर में श्री दलाराम प्रजापत पुत्र चोखाराम प्रजापत जाति प्रजापत निवासी रामनगर बास, वार्ड नं. 02, कस्बा सरदारशहर ने अपनी आवासीय भूमि जरिये पट्?टा सं. 2106 दिनांक 04.08.2023 पंजियन दिनांक 16.08.2024 की रामनगर बास, वार्ड नं. 02, कस्बा सरदारशहर की 1507.75 वर्गफुट भूमि जिसके आसापास उत्तर में भूमि लालचंद प्रजापत, दक्षिण की रास्ता 23 फीट, पूर्व में रास्ता 13 फीट 10 इंच, पश्चिम में भूमि माणकदान है, को रहन रख ऋण के लिए आवेदन किया है। किसी व्यक्ति, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो, तो इस विज्ञापन के प्रकाशन के पांच दिन में कार्यालय समय में उपरोक्त बैंक अथवा मेरे कार्यालय में आपत्ति पेश करे। अन्यथा बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय
जगदीश प्रसाद माली
श्रीराम मंदिर के पास, जीवीएम रोड,
सरदारशहर जिला चूरू (राज.)

लोकतंत्र के सशक्तीकरण में मीडिया की भूमिका अहम : सुराणा

चूरू, (कासं.)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा निर्वाचन विभाग राजस्थान की ओर से अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सिलसिले में मंगलवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली तथा प्रेस वार्ता का आयोजन कर इससे संबंधित जानकारी प्रदान की।

इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, एडीपीआर कुमार अजय, डीडीआईटी नरेश कुमार छिंपी, एपीआरओ मनीष कुमार, भू-अभिलेख निरीक्षक शिवप्रकाश शर्मा सहित अधिकारीगण, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि मतदाता सूचियों का शुद्ध और अद्यतन होना चुनाव के लिहाज से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग की यह कोशिश रहती है कि प्रत्येक पात्र वयस्क मतदाता सूची में शामिल हो तथा प्रत्येक मतदाता अपने वोट के अधिकार का उपयोग करे। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि लोकतंत्र के सशक्तीकरण में मीडिया की अहम भूमिका है। सभी मीडियाकर्मी इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र वयस्क फोटोयुक्त मतदाता सूची में आने से वंचित नहीं रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर ने बताया कि 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। 28 नवंबर 2024 तक दावे व आपत्तियां प्राप्त किए जाएंगे। संबंधित भाग की प्रविष्टियों का ग्राम सभाए स्थानीय निकाय तथा आवासीय वेलफेयर सोसायटी के साथ बैठक आयोजित कर 9 तथा 23 नवंबर को पठन किया जाएगा।

राजनैतिक दलों तथा बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं के साथ 10 तथा 24 नवंबर को विशेष अभियान आयोजित कर दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। 24 दिसंबर तक दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा तथा 6 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। विशेष अभियान की तिथियों को बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आक्षेप प्राप्त करेंगे। इस दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा मतदान केन्द्रों के लिए नियुक्त बूथ स्तरीय अभिकर्ता भी अपने-अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर अधिकृत अधिकारी के साथ दावे एवं आपत्तियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त करने में सहयोग देंगे।

आयोग द्वारा दिये गये नवीनतम दिशा.निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अर्हता दिनांक1 जनवरी के स्थान पर वर्ष में चार बार 1 जनवरी, 1 अप्रेल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण कार्यक्रम में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आवेदन एवं अर्हता तिथि 1 अप्रेल 2025, 01 जुलाई 2025 एवं 1 अक्टूबर 2025 के संदर्भ में अग्रिम आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। अर्हता दिनांक 01.01.2025 के संदर्भ में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाकर मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जायेगा।

मतदान केंद्रों व एसएसटी नाके का किया औचक निरीक्षण

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा उप चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य आब्जर्वर सदा भार्गवी ने मंगलवार को उपचुनाव के दौरान नृसिंहपुरा टोल टैक्स के पास बनाए गए एसएसटी नाके व विधानसभा क्षेत्रा के संवेदनशील मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने औचक निरीक्षण के दौरान वहां संधारित रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां से गुजरने वाली गाडियों की चेकिंग करने एवं वीडियोठाफी आवश्यक रूप से करवाने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पातुसरी, दोरासर, खतेहपुरा, कालीपहाडी, जयपहाडी, इस्लामपुर, अशोक नगर एवं बगड के संवेदनशील मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर रोशनी, पीने के पानी, शौचालय, रैंप सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके लाइजन ऑफिसर शीशराम जाखड, नेहा झाझडिया भी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर
सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर - 332001
ई-मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, फोन नं. 01572-245057
क्रमांकः-न.वि.न्या/नियमन/2024/00580 दिनांकः-29.10.2024

लोक सूचना/आपत्ति विज्ञप्ति

नगर विकास न्यास सीकर में आवेदक मुरारीलाल सराफ पुत्र श्री सीताराम सराफ निवासी वार्ड नं. पिपराली सीकर व प्रमोद कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सीताराम अग्रवाल निवासी एल 501 जोली रेजीडेन्सी सूरत गुजरात द्वारा राजस्व ग्राम दादली के खसरा नम्बर 899/648, 901/648 व 903/646 रकबा 17240.00 वर्गमीटर भूमि का आवासीय योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि मास्टर प्लान 2031 में परिधि नियंत्रण पट्टी में स्थित है, जो कि परिधी नियंत्रण पट्टी में अनुज्ञेय है।
टाउनशिप पॉलिसी 2010 के प्रावधान 5.01 (ई) (बी)/प्रावधान 3 (iii) (बी) के बिन्दु संख्या 3 अनुसार इस क्षेत्र में जोनल प्लान प्रभावी नहीं होने के कारण हरदयालपुरा से चारण का बास जाने वाली सड़क से 'चैनपुरा स्टैण्ड से चैनपुरा ग्राम की आबादी तक' ग्रामीण सडक/ का मार्गाधिकार 18 मीटर किया जाना प्रस्तावित किया गया है। जिसका समायोजन मास्टर/जोनल प्लान बनाते समय नगर विकास न्यास सीकर द्वारा कर लिया जायेगा। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त के सम्बन्ध में आपत्ति/आक्षेप इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन भीतर-भीतर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29.10.2024 को जारी की गयी।

जगदीश प्रसाद गौड (RAS), सचिव नगर विकास न्यास, सीकर

उपचुनावों में यमुना के पानी का मुद्दा छाया

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं में उप चुनावों को लेकर लगातार प्रत्याशियों के जनसंपर्क दौरे जारी है। इसी क्रम में झुंझुनूं से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने मंगलवार को हमीरवास गांव से जनसंपर्क दौरों का शुभारंभ किया। हमीरवास के बाद झीला की ढाणी और बाद कासिमपुरा में राजेंद्र भांबू ने नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। कासिमपुरा में बडी संख्या में ठामीण महिलाओं और पुरूषों ने राजेंद्र भांबू का स्वागत किया।

- भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू ने मंगलवार को हमीरवास गांव से जनसंपर्क

भांबू ने कहा कि झुंझुनूं में एक ही परिवार ने विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन उन्होंने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। यमुना के पानी लाने के झूठे वादे कर लोकसभा और विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले केवल बातें करते रहे। लेकिन काम कुछ नहीं किया। अब प्रदेश की भजनलाल सरकार ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में पीने के लिए यमुना का पानी आने से अब कोई नहीं रोक सकता। लेकिन हम कोशिश कर रहे है कि पीने के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी मिले। वे विधानसभा में झुंझुनूं का प्रतिनिधित्व करते है तो इस मांग को पुरजोर शब्दों में उठाएंगे। जिसके बाद झुंझुनूं विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे जिले को यमुना का पानी पीने और सिंचाई के लिए मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भी कह चुके है कि यमुना का पानी झुंझुनूं आएगा तो यहां की धरती सोना उगलेगी। इस मौके पर पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता महावीर सैनी सीकर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, भाजपा नेता डॉ. कमलचंद सैनी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री डॉ. राजेश बाबल समेत अन्य ने सभा को संबोधित किया। मंगलवार को भांबू ने कायस्थपुरा, रेखावाली ढाणी, जयपहाडी, कालीपहाडी, कालीपहाडी का बास, भालोठिया की ढाणी, इस्लामपुर, माखर की ढाणी, माखर, रतनशहर, अशोक नगर समेत अन्य जगहों पर जनसंपर्क कर ठामीणों से मुलाकात की और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर गिरधारीलाल बराला, गिरधारीलाल स्वामी, नरेंद्र सिंह शेखावत, राजू मराठा, अनुज लांबा, मानसिंह लांबा, इंद्राज सैनी, विद्याधर लांबा, घडसीराम सैनी आदि मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू के जनसंपर्क दौरों में पूरी भाजपा एकजुटता के साथ लगी हुई है। रतनशहर में हुई नुक्कड बैठक को संबोधित करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी पहुंचे। जिन्होंने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश और देश में डबल ईंजन की सरकार है। इसलिए अब झुंझुनूं का प्रतिनिधित्व भी इसमें शामिल हो। इसके लिए भाजपा प्रत्याशी भांबू को चुनाव में विजयी बनावें। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री कुलदीप सिंह कालीपहाडी, भाजपा ठामीण मंडल झुंझुनूं के अध्यक्ष बहादुरमल स्वामी, भाजपा नेता विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, मुरारी सैनी, भाजपा जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, झुंझुनूं नगर परिषद में भाजपा की तरफ से प्रतिपक्ष नेता बुधराम सैनी, भाजपा नेता प्रेमसिंह बनवासा समेत अन्य भी दौरों में भांबू के साथ रहे और सभाओं को संबोधित किया।भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पुरूषोत्तम खाजपुरिया ने बताया कि बुधवार को किठाना गांव से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू अपना जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। सुबह साढे आठ बजे पहली नुक्कड बैठक किठाना में होगी। इससे पहले भांबू जोडिया बालाजी मंदिर में दर्शन करेंगे।

प्रशिक्षण आज

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा उप चुनाव के मध्यनजर 30 अक्टूबर को सूचना केंद्र सभागार में ईवीएम एवं वीवीपेट मशीन सिलिंग में नियुक्त स्टाफ एवं सभी एएलएमटी को ईवीएम व वीवीपेट तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में ईवीएम एवं वीवीपेट मशीन तैयार करने की सैद्धांतिक पीपीटी व प्रायोगिक ईवीएम एवं वीवीपेट के माध्यम से संपूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मनरेगा कार्यों का निरीक्षण

चिड़ावा, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को चिडावा पंचायत समिति की ठाम पंचायत सारी में मनरेगा योजना अंतर्गत करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा खेल मैदान में वृक्षारोपण, सरकारी स्कूल के सामने एवं पीछे लगाए गए पौधारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम मालुपुरा में इन स्थानों पर मनरेगा योजना से 1000 से अधिक होते लगाए हुए हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए रामकृष्ण से दयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा तार फेंसिंग की गई है एवं ड्रिप सिस्टम लगाया हुआ है। मनरेगा श्रमिकों, ठामीण एवं भामाशाह के सहयोग से इनको पानी पिलाया जाता है ।सभी पौधे अच्छी स्थिति में पाए गए। सीईओ ने आगामी महीनों में पौधों को शीत लहर से बचाने के लिए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को बताया कि श्रमिकों की मदद से झोपडी बनवा जाए ताकि सर्दी से पौधों का नुकसान होने से बचाया जा सके।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमर चंद प्रजापति पुत्र श्री दौतल राम निवास गाँव कुंतलसर, तहसील सरदार शहर, जिला चूरू, राजस्थान** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 519/2023, भा.व.सं. की धारा 408 के तहत, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमर चंद प्रजापति** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अमर चंद प्रजापति** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 519/2023, भा.व.सं. की धारा 408 के तहत, थाना लाहौरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमर चंद प्रजापति** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-09, केंद्रीय जिला
कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली
वि.पु./14106/उत्तर/2024

'विकास कार्यों के समय क्वालिटी के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा'

तारानगर, (निसं)। तारानगर में गढ परिसर के आगे विशाल दीपावली स्नेह मिलन व रामा श्यामा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के दिग्गज नेता राजेन्द्र सिंह राठौड व देवेन्द्र झाझडिया ने शिरकत कर तारानगर क्षेत्रवासियों को दीपावली के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित कर रामा श्यामा की इस अवसर पर राठौड व झाझडिया ने तारानगर बाजार सहित मुख्य मार्गो पर पैदल चल कर व्यापारीवर्ग व आमजन को दीपावली की शुभकामनाऐं दी ।

- राजेन्द्र राठौड व देवेन्द्र झाझड़िया ने आमजन मुलाकात कर की रामा श्यामा

गढ परिसर के आगे हुए स्नेह मिलन समारोह में राठौड ने तारानगर में हुए विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन भी किया इस अवसर पर विकास कार्यो की शिला लेखों का फीता काटा गया । समारोह को सम्बोधित करते हुए राठौड ने कहा कि अब तारानगर में विकास कार्यो के समय क्वालिटी के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा हर वार्ड में सडक बनाई जाएगी और तारानगर तहसील में पीने के पानी व बिजली कटौती समस्या का समाधान जल्द हो जायेगा। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारीयों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जायेगा, किसानो को अपनी फसल समर्थन मुल्य में बेचने के लिये आ रही टोकन समस्या का अधिकारीयों से बातचीत कर समाधान किया जायेगा।

इस अवसर पर झाझडिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब मै आपके बीच रह कर आपकी समस्याओं को दूर करने का कार्य करता रहूंगा । मुझे राजनीति से नहीं आपकी सेवा करने से मतलब है, झाझडिया ने कहा कि किसान का बेटा हूं और किसानो के दर्द को भली भांती जानता हूं अब डबल इंजिन की सरकार है और आने वाले समय में विकास कार्यो पर ही ध्यान दूंगा। कार्यक्रम को भाजपा नेता राकेश जांगीड, कुन्दन बाबल, महावीर पुनियां, ताराचन्द कस्वां ने भी अपने विचार व्यक्त किये, कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र जोईया ने किया, तारानगर व गामीण क्षेत्र से आए हुए भाजपा कार्यकर्ताओ ने राजेन्द्र राठौड व देवेन्द्र झाझडिया को 51 किलो की फूला को की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष विशाल शर्मा, सीताराम लुगरीया, पूर्व चेयरमैन जसवन्त स्वामी, मोहम्मद तैयब, जमरदीन तेली, महावीर सैनी, अजीत सिंह राठौड, सरपंच राकेश शर्मा हडियाल, एडवोकेट अनुप खण्डेलवाल, नरेश झाझडिया, हरी इन्दौरिया, अनीस लाम्बा सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

तारानगर में विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए राजेन्द्र सिंह राठौड़ व देवेन्द्र झाझड़िया।

Regional Office
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
Shiv Singhpura Housing Board, Nawalgarh Road, Sikar-332001
Phone: 01572-248009.e-mail: rorpcb.sikar@gmail.com
LiFE
RPCB/RO Sikar/SKR-PH-17/1188 Date: 23/10/2024

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना

विषयः- मैसर्स श्रेय मोदी, एम एल नंबर 07/2023, क्षेत्रफल 1.7771 हेक्टे